## 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी **तातारस्तान की राजधानी कज़ान** में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए **22-23 अक्टूबर** तक रूस का दौरा करेंगे।

**मुख्य बिंदु-**

- यह सम्मेलन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा ।
- **मुख्य चर्चा :** इस शिखर सम्मेलन में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता **वैश्विक मुद्दों और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग** पर चर्चा करेंगे।
- **सम्मलेन का विषय:** "न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को सुदृढ़ बनाना", जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और वैश्विक शासन में चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है।
- यह वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री की रूस की दूसरी यात्रा होगी, इससे पहले उन्होंने 8-9 जुलाई को **द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन** के लिए मास्को का दौरा किया था।

**ब्रिक्स**

- ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है।
- ब्रिक समूह की शुरुआत **वर्ष 2006** में हुई थी, जब ब्राजील, रूस, भारत और चीन के नेता पहली बार सेंट पीटर्सबर्ग में एकत्रित हुए थे। पहला ब्रिक शिखर सम्मेलन 16 जून 2009 को रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था।
- **सितंबर 2010** में न्यूयॉर्क में ब्रिक विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के रूप में स्वीकार किए जाने के बाद ब्रिक समूह का नाम बदलकर ब्रिक्स कर दिया गया।
- ब्रिक्स **दुनिया की 41 प्रतिशत आबादी, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और विश्व व्यापार का 16 प्रतिशत** से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसके सदस्यों में **ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ़्रीका, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब** शामिल हैं।

## आईआरसीटीसी

हाल ही में भारतीय रेलवे ने ट्रेनों के टिकटों के लिए अग्रिम बुकिंग समय को **120 दिनों से घटाकर 60 दिन** कर दिया है।

**मुख्य बिंदु**

- बदले हुए नियम के अनुसार यात्री अब ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 60 दिन पहले ही IRCTC ट्रेन टिकट बुक कर पाएंगे, जबकि वर्तमान अग्रिम बुकिंग अवधि 120 दिन है।
- **लागू तिथि:** भारतीय रेलवे का यह नया नियम **1 नवंबर, 2024** से लागू होगा।
- इस प्रावधान में **ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस** जैसी कुछ दिन चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं किया गया है, क्योंकि इनमे पहले से ही अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है।
- **विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों** की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।
- **लक्ष्य:** भारतीय रेलवे ने 2024-25 में 7.5 बिलियन यात्रियों को लाने-ले जाने की योजना बनाई है, जो पिछले की तुलना में 9% अधिक है।

## नागरिकता अधिनियम की धारा 6A

सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से नागरिकता कानून की धारा 6A को संवैधानिक बताया है।

**मुख्य बिंदु-**

- सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से लिए गए अपने फैसले में नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। यह **असम में प्रवासियों को नागरिकता** प्रदान करती है।

- **4:1 से फैसला:** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस मनोज मिश्रा ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता पर सहमति जताई।
- न्यायालय के अनुसार, केंद्र सरकार का कर्तव्य है कि वह राज्यों को बाहरी आक्रमण से बचाए। अनुच्छेद 355 के तहत कर्तव्य को अधिकार मानना नागरिकों और अदालतों को आपातकालीन अधिकार देगा, जो विनाशकारी होगा।
- **पृष्ठभूमि:** नागरिकता कानून की धारा 6A को 1985 में असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए संशोधन के तहत जोड़ा गया था। जिसके अनुसार, जो लोग **1985 में बांग्लादेश समेत दूसरे क्षेत्रों से जनवरी 1966 और मार्च 1971 से पहले आए** हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए धारा 18 के तहत रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

**सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य निर्णय:**

- असम में प्रवेश और नागरिकता प्रदान करने के लिए 25 मार्च, 1971 तक की समय सीमा सही है।
- किसी **राज्य में विभिन्न जातीय समूहों की मौजूदगी अनुच्छेद 29(1) का उल्लंघन नहीं** करती। इसके लिए याचिकाकर्ता को यह साबित करना होगा कि एक जातीय समूह अपनी भाषा और संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकता क्योंकि वहां दूसरा जातीय समूह भी रहता है।
- न्यायालय के अनुसार भारत में **नागरिकता देने का एकमात्र तरीका रजिस्ट्रेशन नहीं** है और धारा 6A को सिर्फ इसलिए असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि इसमें रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नहीं दी गई है।
- न्यायालय साथ ही अब बांग्लादेशियों की पहचान और निर्वासन के काम की निगरानी भी करेगा।

## रिपोर्ट/इंडेक्स

**वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024**

वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2024 के अनुसार, **1.1 बिलियन से अधिक लोग घोर गरीबी में** जी रहे हैं।

**मुख्य बिंदु-**

- **जारीकर्ता:** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय स्थित ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई)
- वैश्विक एमपीआई डेटाबेस ने 112 देशों के एमपीआई डेटा प्रस्तुत किए है।

**रिपोर्ट की मुख्य बातें:**

- सूचकांक के **अनुसार 6.3 बिलियन लोगों में से 1.1 बिलियन लोग तीव्र बहुआयामी गरीबी** में रहते हैं, जिसमें भारत में सबसे अधिक गरीब लोग हैं, जिसके बाद पाकिस्तान का स्थान है।
- **शीर्ष देश:** गरीबी में रहने वाले सबसे अधिक लोगों वाले पांच देश **भारत (234 मिलियन),** पाकिस्तान (93 मिलियन), इथियोपिया (86 मिलियन), नाइजीरिया (74 मिलियन) और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (66 मिलियन) हैं।
- **बच्चो का प्रतिशत सर्वाधिक:** 18 वर्ष से कम आयु के लगभग 584 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में जी रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर सभी बच्चों का 27.9% है, जबकि वयस्कों का 13.5% है।
- विश्व के 83.2% सबसे गरीब व्यक्ति **उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया** में रहते हैं।
- निम्न आय वाले देश, जिनमें कुल आबादी का 10.2% हिस्सा शामिल है, में कुल गरीब लोगों का 34.8% (400 मिलियन) हिस्सा है। इसके अलावा, 65.2% गरीब (749 मिलियन) मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।
- **युद्ध प्रभावित देश:** 1.1 बिलियन गरीब लोगों में से 218 मिलियन (19.0 प्रतिशत) युद्ध प्रभावित देशों में रहते हैं।
  - लगभग 40 प्रतिशत गरीब लोग (455 मिलियन) युद्ध, नाजुकता और/या कम शांति वाले देशों में रहते हैं।

❖ **संसाधनों का अभाव:** आम अभावों में पर्याप्त आवास, स्वच्छता, बिजली, खाना पकाने का ईंधन, पोषण और स्कूल में उपस्थिति की कमी शामिल है।

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

### विराट कोहली



उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चल रहे पहले मैच में **9,000 टेस्ट रन** पूरे कर लिए हैं, उन्होंने भारत की दूसरी पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

विराट कोहली यह उपलब्धि हासिल करने वाले सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) के बाद **चौथे भारतीय बल्लेबाज** बन गए।

## चर्चित व्यक्तित्व - निधन

### देबराज रॉय



हाल ही में अभिनेता देबराज रॉय का कोलकाता में **69 वर्ष** की आयु में निधन हो गया।

उन्होंने **बंगाली सिनेमा** और **दूरदर्शन** में महत्वपूर्ण योगदान दिया और आकाशवाणी से भी जुड़े थे।

उन्होंने अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत सत्यजीत रे की फिल्म **प्रतिद्वंदी (1970)** से की और मृणाल सेन की फिल्म **कलकत्ता 71 (1971)** में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाई।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

**19 अक्टूबर**

### वर्ल्ड पीडियाट्रिक बोन एंड ज्वाइंट डे




हर साल 19 अक्टूबर को वर्ल्ड पीडियाट्रिक बोन एंड ज्वाइंट डे मनाया जाता है।

इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में मस्कुलोस्केलेटल स्थितियों के प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**20 अक्टूबर**

### विश्व सांख्यिकी दिवस




❖ विश्व सांख्यिकी दिवस **20 अक्टूबर** को पूरे विश्व में मनाया जाता है।

❖ इसे हर **पांच वर्ष** में मनाया जाता है और पहली बार 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था।

❖ विश्व सांख्यिकी दिवस **संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग** के मार्गदर्शन में विश्व के सामाजिक-आर्थिक विकास में सांख्यिकी के योगदान का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है।

## खेल

### आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2024

❖ हाल ही में, भारत के **विवान कपूर** ने नई दिल्ली में आयोजित आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल 2024 में **पुरुषों की स्कीट (44 अंक) में रजत पदक** जीता, जो पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के यिंग किउ (47) से पीछे रहे।

- तुर्की के एन टोलगा ट्यून्सर ने इस स्पर्धा का कांस्य (35 अंक) पदक प्राप्त किया।

- **अनंतजीत सिंह** नरुका ने ट्रैप स्पर्धा में **कांस्य** पदक हासिल किया।
- **सोनम मस्कर** ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में **रजत** पदक दिलाया।
- **अखिल श्योराण** ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग स्पर्धा में **कांस्य** पदक जीता।
- भारतीय निशानेबाजों ने इस प्रतियोगिता में दो रजत और दो कांस्य समेत **कुल चार पदक** जीते।

**नोट:** अनीश भानवाला ने **दोहा** में 2023 आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत के लिए एकमात्र **कांस्य** पदक जीता था।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### नई दिल्ली

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री द्वारा नई दिल्ली में नीति आयोग द्वारा आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय मेथनॉल संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी** का उद्घाटन किया।
- इस प्रदर्शनी में **कचरे को संपदा में बदलने, सड़क निर्माण में पुराने टायर पाउडर और प्लास्टिक जैसी सामग्रियों का उपयोग** करने के महत्त्व को रेखांकित किया गया।
- साथ ही अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाली प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से चावल के भूसे से जैव-सीएनजी के उत्पादन के महत्व पर जोर दिया।
- इस संगोष्ठी में **पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की समस्या** पर भी विचार किया गया।

## विविध

- सरकारी स्वामित्व वाली बीईएमएल 866.87 करोड़ रुपये की लागत से **भारत की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन** बनाएगी। बीईएमएल के अनुसार उसे दो हाई-स्पीड ट्रेनसेट के डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग का ठेका मिला है।
  - भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाई इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई द्वारा दिए गए इस ऑर्डर में प्रत्येक ट्रेन में **आठ कारें (कोच)** होंगी।



- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए आयकर नियमों में संशोधन किए हैं। इनका उद्देश्य स्रोत पर कर-संग्रह और करों की कटौती के लिए क्रेडिट दावा प्रक्रिया को सरल बनाना है।
  - इसमें नाबालिगों के माता-पिता के लिए **स्रोत पर कर-संग्रह क्रेडिट का दावा** करना भी शामिल है। वेतनभोगी कर्मचारियों के मामले में, कर कटौती के उद्देश्य से स्रोत पर कर-संग्रह अथवा कर कटौती को शामिल किया गया है।

❍❍❍❍